Regarding Ayushman Card

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) : सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । आज मैं अपने प्रदेश दादरा और नागर हवेली के स्वास्थ्य विभाग के बारे में आपको अवगत कराना चाहती हूं । भारत सरकार की बहुत सी जन कल्याणकारी योजनाएं हैं । उनमें से आयुष्मान कार्ड योजना गरीबों के लिए काफी सराहनीय योजना है । इस योजना को समग्र भारत देश में गरीबों को कई बीमारियों का इलाज कराने में लाभ मिल रहा है । गरीबों के लिए यह योजना एक संजीवनी की तरह काम कर रही है । महोदय, पिछले कुछ समय से यह स्कीम बंद है, इसलिए प्रदेश की जनता को अपने इलाज कराने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । अभी जो आयुष्मान कार्ड की सुविधा बंद है, उसे जल्द से जल्द फिर से शुरू कर लोगों की इलाज कराने में हो रही समस्याओं का हल करना चाहिए । साथ-साथ सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की बहुत कमी है । उसको भी ध्यान में लेकर जरूरी दवाइयों को उपलब्ध कराने का प्रावधान किया जाए ।